लखनऊ | सोमवार • 21 जनवरी • 2013 राष्ट्रीय सहारा

# होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार की जरूरत : डा. वकार

लखनऊ, (एसएनबी)। नौवीं नेशनल होम्योफ्रेंडस साइंटिफिक कांग्रेस में विश्वनाथ मुखर्जी राष्ट्रीय अवार्ड से गोरखपुर के डा. रूप कुमार बनर्जी को नवाजा गया।

इसके अलावा होम्योरत्न, होम्योभूषण, होमियो श्री आदि पुरस्कारों से होम्योपैथी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डाक्टरों को श्रम मंत्री डा. वकार अहमद शाह ने सम्मानित किया। गोमती नगर के होटल दयाल पैराडाइज में डाक्टरों को सम्मानित करते हुए डा. शाह ने कहा कि जटिल रोगों को ठीक करने वाली होम्योपैथी को प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डाक्टरों ने होम्योपैथी से ठीक की गयी विभिन्न जटिल बीमारियों पर भी चर्चा की।

श्रम मंत्री डा. वकार अहमद शाह ने कहा कि होम्योपैथ का प्रचार- प्रसार भी अन्य योजनाओं की तरह किया जाना चाहिए। इसके साथ ही इस पर किये जा रहे शोध कार्यों को भी प्रचारित किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में होम्योपैथ के चिकित्सक की तैनाती भी होनी चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने होम्यो रत्न- 2013 डा. अमर सिन्हा पुणे, होम्यो भूषण 2013 डा.

## होम्योपैथिक सम्मेलन

▶ नौवी नेशनल होम्योफ्रेण्डस साइंटिफिक कांग्रेस में कई विभूतियां सम्मानित

अशोक मोहन्ती नई दिल्ली, होम्यो श्री 2013 डा. आदिल चिन्थनावाला नागपुर, जीवान्त पुरुष 2013 डा. आरएस पारिक आगरा, होम्यो फ्रेंडस हैनीमेन अवार्ड 2013 डा. निशांत श्रीवास्तव, हरिशचन्द्र मुखर्जी राष्ट्रीय अवार्ड 2013 डा. वीके रस्तोगी लखनऊ को दिया।

कार्यक्रम संयोजक डा. गिरीश गुप्ता ने कहा कि बच्चेदानी में गांठ,प्रोस्टेट ग्रन्थि आदि का इलाज सिर्फ सर्जरी ही माना जाता है, पर होम्योपैथ में इस जटिल बीमारी का सफल इलाज सम्भव है। वे इन बीमारियों का होम्योपैथी से सफलता पूर्वक इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी डाक्टरों को साक्ष्यआधारित शोध करना चाहिए और उसे ही प्रस्तुत करना चाहिए। इससे होम्योपैथ के प्रति लोगों की सोच बदलती है।

गोरखपुर के डा. रूप कुमार बनर्जी ने कहा कि वे पूर्वांचल में 23 वर्षों से होम्योपैथी से निशुल्क इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई जटिल बीमारियों का इलाज होम्योपैथ में सम्भव है। कार्यक्रम में डा. रविन्द्र सिंह ने कहा कि पुरुष व महिला के बांझपन का इलाज होम्योपैथ में गरीबों को सफलता पूर्वक किया जाता है। इस विधा से काफी संख्या में सफलता पूर्वक इलाज किया गया है। कार्यक्रम में लिवर सिरोसिस पर डा.विश्वनाथ तिवारी पर जानकारी दी। इसके अलावा अन्य जटिल बीमारियों का इलाज पर भी चर्चा की गयी।

अमर उजाला
लखनऊ, 21 जनवरी 2013

# होम्योपैथी में दिल के रोगों का भी इलाज

## 9वीं नेशनल होम्योफ्रेंड्स साइंटिफिक कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने कहा

लखनऊ (ब्यूरो)। होम्योपैथी दिल की बीमारियों के लिए भी कारगर है। दिल को रक्त पहुंचाने वाली आर्टरी में कोलेस्ट्रॉल (वसा) के जमाव वाले मरीजों को बायपास या एंजियोप्लास्टी कराने से पहले होम्योपैथी के विशेषज्ञ से जरूर संपर्क करना चाहिए। नागपुर से आए डॉ. आदिल चिंथलवाला ने ये जानकारी रविवार को 9वीं नेशनल होम्योफ्रेंड्स साइंटिफिक कॉन्फ्रेंस में दी।

डॉ. चिंथलवाला ने बताया कि उन्होंने दिल के 428 मरीजों का होम्योपैथिक दवाओं से इलाज किया और उन्हें एंजियोप्लास्टी की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने कॉन्फ्रेंस में नौ केस भी पेश किए, जिन्हें होम्योपैथी से फायदा मिला था। होम्योपैथी में ऐसी दवाएं हैं जो गंभीर से गंभीर बीमारियों में कारगर हैं। पंजाब से आए डॉ. तनवीर हसन ने पेट, बच्चेदानी, ब्रेस्ट और ओरल कैंसर में होम्योपैथिक इलाज को कारगर बताया। होम्योपैथी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को मुख्य अतिथि श्रम मंत्री डॉ. वकार अहमद शाह और होम्योपैथिक निदेशक डॉ. विक्रमा प्रसाद ने सम्मानित किया। गोरखपुर के डॉ. रूपकुमार बनर्जी को विश्वनाथ मुखर्जी राष्ट्रीय अवॉर्ड 2013, पुणे के डॉ. अमर सिन्हा निकम को होम्यो रत्न 2013, दिल्ली के डॉ. अशोक मोहंती को होम्यो भूषण, नागपुर के डॉ. आदिल चिंथलवाला को होम्यो श्री, आगरा के डॉ. आरएस पारिख को लिविंग लीजेंड 2013, लखनऊ के डॉ. निशांत कुमार श्रीवास्तव को होम्यो फ्रेंड्स हैनीमन अवॉर्ड, लखनऊ के डॉ. हरिश्चंद्र मुखर्जी को राष्ट्रीय अवॉर्ड दिया गया। सभा का संचालन डॉ. विश्वनाथ तिवारी ने किया। 10वीं साइंटिफिक कॉन्फ्रेंस 14 अप्रैल को गोरखपुर में होगी।



होम्योपैथी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों का हुआ सम्मान।

### गरीबों की पैथी है होम्योपैथी : डॉ. वकार

होम्योपैथी को लोग सिर्फ मीठी गोलियों वाली विधा मानते हैं। जबकि सच्चाई ये है कि होम्योपैथी से कम पैसों में अच्छा इलाज मिलता है। ये पैथी गरीबों की पैथी है। ये बातें श्रम मंत्री डॉ. वकार अहमद शाह ने कहीं। उन्होंने अपने परिजनों के इलाज का उदाहरण देते हुए होम्योपैथी को कारगर चिकित्सा पद्धति बताया और उसके प्रचार-प्रसार, शोध को बढ़ाने की राह। होम्योपैथिक निदेशक डॉ. विक्रमा प्रसाद ने कहा कि होम्योपैथी के बारे में सब जानते हैं।

हिन्दुस्तान लखनऊ • सोमवार • 21 जनवरी 2013



होम्यो फ्रेंड्स की ओर से होटल दयाल पैराडाइज में रविवार को नौवी नेशनल होम्यो फ्रेंड्स साइंटिफिक कांग्रेस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया

# आठ होम्योपैथ डॉक्टर सम्मानित

लखनऊ। होम्यो फ्रेंड्स की ओर से रविवार को होटल दयाल पैराडाइज में 'नौवीं नेशनल होम्यो फ्रेंड्स साइंटिफिक कांग्रेस एवं पुरस्कार वितरण समारोह' मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रममंत्री वकार अहमद शाह ने पुणे के चिकित्सक डॉ. अमर सिन्हा को 'होम्योरत्न', दिल्ली के डॉ. अशोक मोहंती को 'होम्योभूषण', नागपुर के डॉ. आदित्य चिंथनावाला को 'होम्योश्री', आगरा के डॉ. आरएस पारिख को 'जीवांतयुग' लखनऊ के डॉ. निशांत श्रीवास्तव को 'होम्योफ्रेंड हैनीमेन', लखनऊ के डॉ. वीके रस्तोगी को 'हरिश्चंद्र मुखर्जी' राष्ट्रीय अवार्ड, गोरखपुर के डॉ. राव कुमार मुखर्जी को 'विश्वनाथ मुखर्जी' राष्ट्रीय अवार्ड से अलंकृत किया। संयोजक डॉ. गिरीश गुप्त ने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं अंग्रेजी दवाओं से कहीं अधिक कारगर हैं।